दैनिक भास्कर

राजसमन्द भास्कर 02-08-2025

# हिंद जिंक के सहयोग से रेलमगरा क्षेत्र की 3 पंचायतों के 11 गांवों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

## पीएचईडी उदयपुर रीजन एवं हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के बीच एमओयू

भास्कर न्यूज़ | रेलमगरा

ग्रामीण क्षेत्र में वास्तविक स्थिति को समझते हुए पेयजल के लिए सरकार के साथ हिन्दुस्तान जिंक द्वारा किए गया सहयोग सराहनीय हैं। इससे जल्द ही रेलमगरा उपखंड क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के निवासियों की लंबे समय से चल रही पेयजल की समस्या दूर होगी।

यह बात राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने राजसमंद में पीएचईडी उदयपुर रीजन एवं हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के बीच किए एमओयू के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर ओपन वेल के लिए धरातल पर कार्य प्रारंभ हो चुका है और शीघ्र ही इसके सुखद परिणाम देखने को मिलेंगे।

लंबे समय से रेलमगरा पंचायत समिति के कोटड़ी, काबरा और खड़बामनिया के निवासियों की शुद्ध पेयजल की समस्या का निराकरण करते हुए पीएचईडी उदयपुर रीजन और हिन्दुस्तान जिंक के बीच एमओयू किया गया, जिसमें परियोजना की कुल लागत 19.7 करोड़ में से 4.7 करोड़ हिन्दुस्तान जिंक द्वारा सीएसआर के तहत प्रदान की जाएगी। पीएचईडी



एमओयू के अवसर पर उपस्थित विधायक व अन्य अतिथि ।

उदयपुर रीजन से अतिरिक्त मुख्य अभियंता शैतान सिंह, पीएचईडी राजसमंद अधीक्षण अभियंता रामवतार सैनी, अधिशासी अभियंता लोकेश सैनी, हिन्दुस्तान जिंक की ओर से हेड सीएसआर वेदांता समूह अनुपम निधि, आईबीयू सीईओ राजपुरा दरीबा स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स बलवंत सिंह राठौड़ उपस्थित थे।

एमओयू के तहत रेलमगरा पंचायत समिति के कोटड़ी और काबरा पंचायत के 9 गांव एवं खड़बामनिया के 2 गांवों में पेयजल के लिए पाइपलाइन से घर-घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की योजना है। पेयजल के स्रोत कुएं, पांच ओवर हेड स्टोरेज, जलसंग्रहण संरचनाओं का निर्माण कर पानी की आपूर्ति की जाएगी।

एमओयू के अवसर पर हिन्दुस्तान जिंक दरीबा कॉम्प्लेक्स के सीएसआर हेड भुवनेश शर्मा, सीएसआर टीम से अरूणा चीता, स्वेतलाना साहू, राधिका खींरिया, कोटड़ी प्रशासक अभिषेक जाट, कुरज पूर्व सरपंच अनिल चौधरी सहित अन्य सरपंच एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। हिन्दुस्तान जिंक राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स द्वारा आसपास के तालाबों का गहरीकरण किया गया है जो जल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। क्षेत्र के 17 गांवों में शुद्ध पेयजल के लिए आरओ एटीएम की स्थापना की है, जिससे लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध हुई है।